मैं श्याम का दीवाना मेरा यार सांवरा है भजन लिरिक्स

मुझको हो गया है ये यकीन,
नहीं है तुमसा यहाँ कोई,
मेरे लिए एक तू ही है प्यारे,
एक तेरा आसरा है,
मैं श्याम का दीवाना,
मेरा यार सांवरा है।bd।

ये दिल के सौदे होते है,
सदके दिल रखना पड़ता है,
मिलने की कोई शर्त नहीं,
तनहा ही आशिक़ मरता है,
दिल को दिल से जोड़ती है जो,
वो तार सांवरा है,
मैं श्याम का दिवाना,
मेरा यार सांवरा है।bd।

एक दुनिया का दर होता,
दूजा यार दा दर होता,
डर डर के क्यों जीता है,
सांवरा तेरे संग होता,
सारी दुनिया का मालिक है वो,
सरकार सांवरा है,
मैं श्याम का दिवाना,
मेरा यार सांवरा है।bd।

हैरान ना हो हिम्मत तो कर,
दर पे रखदे अपना सर,
मिट जायेगी थकन तेरी,
पहले थोड़ा भरोसा कर,
गीता में जो सार है प्यारे,
वो सार सांवरा है,
मैं श्याम का दिवाना,
मेरा यार सांवरा है।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

ये इश्क़ की बातें है 'राहुल',
ना तेरी समझ में आएँगी,
काट के रख दो सर अपना,
नाम खुमारी छाएगी,
पूजे तू जिस राम कृष्ण को,
वो राम सांवरा है,
मैं श्याम का दिवाना,
मेरा यार सांवरा है।bd।

मुझको हो गया है ये यकीन,
नहीं है तुमसा यहाँ कोई,
मेरे लिए एक तू ही है प्यारे,
एक तेरा आसरा है,
मैं श्याम का दीवाना,
मेरा यार सांवरा है।bd।

Singer – Rahul Sanwara

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com